आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

कार्यक्रम प्रतिवेदन – 2018

International Conference on "Quality Enhancement of Higher Education in India and Changing Paradigm"

दिनांक– 04–05 जनवरी, 2018

''उच्च शिक्षा में गुणवत्ता का संवर्धन'' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के बिलासा सभागार में किया गया। इस संगोष्ठी की मुख्य अतिथि प्रो. मेरी मैकेण्ड्रीयू, मोन्ट्रील विश्वविद्यालय, केनेडा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. गहलोत, प्रिंसटन (यूएसए) रहे। अन्य सम्माननीय व्याख्याता व्याख्याता डॉ. सुधांशु भूषण, नई दिल्ली (न्यूपा), डॉ. आर.डी. भारद्वाज, माननीय कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) डॉ. मीना खूंटे, एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, मुंबई रही। यह संगोष्ठी प्रो. जी.डी. शर्मा, माननीय कुलपति, बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर की अध्यक्षता में सफलतापूर्ण संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कुल 383 सहभागिता रही। 94 शोध पत्र पढ़े गये एवं 124 सहभागियों ने पोस्टर प्रेजेन्ट किया।

समापन समारोह में डॉ. एस.के. पाण्डेय, माननीय कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. बी.जी. सिंह, पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर, डॉ. एस.के. सिंह, माननीय कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय, अंबिकापुर एवं श्री ए.के. सामन्ता, प्रमुख (परसोनल) एन.टी.पी.सी. उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

PROLITE

COMMERCE & FINANCIAL

BILASPUR

''सर्जिकल स्ट्राइक डे''

दिनांक– 29 सितंबर, 2018

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन के दिशा–निर्देशों के आधार पर दिनांक 29 सितंबर, 2018 को विश्वविद्यालय सभागार में सर्जिकल स्ट्राइक डे का आयोजन संयुक्त रूप से विज्ञान महाविद्यालय, बिलासा महाविद्यालय, नवीन कन्या महाविद्यालय, जे.पी. वर्मा महाविद्यालय, डी.पी. विप्र महाविद्यालय एवं सी.एम.डी. महाविद्यालय तथा बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। कार्यक्रम एनसीसी कैडेट्स की रैली के साथ डीपी विप्र महाविद्यालय से प्रारंभ हुई। रैली को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. एच.एस. होता तथा डी.पी. विप्र महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर श्री आशीष शर्मा ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली महात्मा गांधी चौक से होकर विश्वविद्यालय सभागार पहुंची तथा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. एच.एस. होता द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया। उन्होने सर्जिकल स्ट्राइक डे मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को बिलासा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री निराला ने संबोधित करते हुये कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमें अपनी सेनाओं के समर्पण और त्याग को महसूस करने की प्रेरणा मिलती है। उसके पश्चात् सेवानिवृत्त कर्नल श्री जे.जे. लाल ने अपने अनुभवों से बताया कि किस प्रकार सेना के जवान सीमा पर डटकर दुश्मनों का मुकाबला करते हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा ने संबोधित करते हुये सेना के शहीद जवानों को नमन करते हुये देश के विकास और सुरक्षा में उनके योगदान को सराहनीय बताया। कार्यक्रम का प्रारंभ श्री वेदप्रकाश अग्रवाल के राष्ट्र भक्ति के गीतों से हुआ। कार्यक्रम में मौजूद समस्त एनसीसी कैडेट्स तथा अन्य अतिथियों एवं छात्रों के द्वारा सीमा पर तैनात सैनिकों के नाम संदेश भी पोस्टकार्ड में लिखा गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमोना भट्टाचार्य ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं एनसीसी के ऑफिसर श्री आशीष शर्मा, श्री तरूण धर दिवान का विशेष योगदान रहा।





''नई तालिम''

दिनांक– 6 से 12 दिसंबर, 2018

––0––

''नई तालिम'' विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट उन्नीयन कार्यक्रम विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी नेशनल काउन्सिल ऑफ रूरल एजुकेशन, हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में 6–12 दिसंबर, 2018 को आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक कु. बी. झासी रानी रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि जागरूक करना था।

इस उन्नीकरण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न शालाओं बी.एड. महाविद्यालयों के दौरे भी कराए गए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जी.डी. शर्मा, कुलसचिव डॉ. इन्दु अनंत, समन्वयक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ डॉ. सुमोना भट्टाचार्य सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।